(नियम 28)

अज अदालत	न्यायालय संभागीय आयुक्त	मुकाम	कोटा
बद्रीलाल पुत्र भंवरलाल जाति मीणा निवासी लाडपुर थाना के0 पाटन हाल प्रजापत कॉलोनी कन्या छात्रावास नैनवा बूंदी पुलिस थाना सदर देवपुरा बूंदी।	बनाम	राजस्थान सरकार जरिये जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी।	
किस्म मुकदमा	अपील अन्तर्गत धारा 6 राज0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975	केस नं0 20/	2019

जिला–बूंदी

तारीख हुक्म		नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.11.2019	अपील पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी एवं उसके अभिभाषक उपस्थित नही है। प्रस्तुत अपील एडमिशन की बहस मे जेरकार है। अपील पत्रावली का गुणावगुण के आधार पर अवलोकन किया गया। अपीलांट द्वारा जरिये अभिभाषक श्री रामकैलाश नागर एडवोकेट के न्यायालय अति0 जिला मजि0 बूंदी द्वारा मुक0 सं0 4/रेगूलर/2014 सरकार जरिये जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी बनाम बद्रीलाल वगेरा मे धारा 3 राज0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 के अन्तर्गत पारित निर्णय दिनांक 31.7.2018 से व्यथित होकर धारा 6 राज0 गुण्डा नियं0 अधि0 मे अपील न्यायालय हाजा मे दिनांक 31.8.2018 को पेश कर जेरअपील निर्णय दिनांक 31.7.2018 को निरस्त करने की इस्तदुआ की है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित उक्त निर्णय के अवलोकन से प्रकट होता है कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा गेरसायल/अपीलांट को धारा 3 के तहत कार्यवाही करते हुये निर्णय की तारीख से 15 दिन पश्चात यानि दिनांक 15.8.2018 से 30 दिन की अवधि के लिये थाना सदर बूंदी की सीमा से थाना कोतवाली बूंदी के लिये बदर (निष्काषित) किया है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय मे वर्णित निष्काषित अवधि काफी समय पूर्व ही समाप्त हो चुकी है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट के विरूद्ध 13 आरपीजीओ के 5 प्रकरण प्रकरण दर्ज हुये है जिसमे न्यायालय सभी प्रकरणो मे गैरसायल के विरूद्ध दोष सिद्ध कर जुर्माना आरोपित किया गया है। अतः गेरसायल राज0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 (ख) (5) मे परिभाषित श्रेणी के अन्तर्गत गुण्डा साबित होता है। अपीलांट व उसके अभिभाषक ने अपील प्रकरण मे उपस्थित होकर अपना पक्ष भी प्रस्तुत नही किया है। अतः उक्त विवेचित तथ्यों के परिपेक्ष्य मे हम अधीनस्थ न्यायालय के जेरअपील निर्णय मे किसी प्रकार का विधिक एवं तथ्यात्मक दोष नही पाते है। लिहाजा अपील अपीलांट खारिज की जाती है। अपील ~~दर्ज रजिस्टर की जाकर~~ निर्णय शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (एल0 एन0 सोनी) संभागीय आयुक्त कोटा संभागीय आयुक्त कोटा संभाग, कोटा	